### एक नजर में

## संत सुंदरदास जयंती पर प्याऊ का शुभारम्भ




**इंदौर**. खंडेलवाल वैश्य समाज के राष्ट्र संत, कवि शिरोमणि सुंदरदास महाराज की 430वीं जयंती के उपलक्ष्य में नवलखा स्थित उनकी प्रतिमा एवं स्मारक पर श्री सुंदरदास पारमार्थिक ट्रस्ट की मेजबानी में जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, पुष्पाभिषेक, पूजन एवं आरती के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया. इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से ग्रीष्मकाल में आम नागरिकों की सुविधा के लिए स्मारक स्थल पर पांच बड़े मटकों में शीतल जल की श्री सुंदरम प्याऊ का शुभारंभ भी किया गया. ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश कूलवाल, राजेंद्र कूलवाल, सीए सुनील खंडेलवाल, राजेश डंगायच, निर्भय खंडेलवाल, कैलाशचन्द्र खंडेलवाल, कन्हैयालाल दादूपंथी, मनोज खंडेलवाल सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित थे जिन्होंने प्रभु श्रीराम एवं संत सुंदरदास के जयघोष के बीच संतश्री की जयंती का उत्सव धूमधाम से मनाया. यह जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश कूलवाल ने देते हुए आम नागरिकों से शीतल प्याऊ का लाभ लेने का आग्रह किया है।

## मोदी अध्यक्ष, छल्लाणी एवं मेहता सचिव



**इंदौर**. वर्धमान जैन युवा मंच जानकी नगर की साधारण सभा का आयोजन देवगुराडिया स्थित एक रिसोर्ट पर किया गया. प्रचार मंत्री नवीन जैन एवं अंकुश रामपुरिया ने बताया कि बैठक में नितेश मोदी को सर्वानुमति से अध्यक्ष, प्रदीप छल्लाणी एवं परेश मेहता को सचिव निर्वाचित किया गया. नए पदाधिकारियों को पूर्व अध्यक्ष कांतिलाल मेहता, संरक्षक शिखरचंद बाफना, गजराज बेताला एवं अन्य सदस्यों ने बधाई देते हुए उनका स्वागत किया. बैठक में मंच के 90 गणमान्य सदस्य मौजूद रहे. सभा का संचालन अरिहंत छल्लाणी ने किया एवं आभार माना अश्विन लुणावत ने. मंच की ओर से इस बार महावीर जयंती धूमधाम से मनाने और यातायात व्यवस्था को देखते हुए वाहन रेली नहीं निकालने का निर्णय भी लिया गया. प्रचार मंत्री नवीन जैन ने उक्त जानकारी देते हुए निवृतमान अध्यक्ष कांतिलाल मेहता के प्रति उनके सफल कार्यकाल के लिए आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी.

## ब्राह्मण सेवा संगठन ने एमवाय में दवाइयां की भेंट



**इंदौर**. ब्राम्हण सेवा संगठन के सर्व समाज सेवा प्रकल्प निरामय सेवा संजीवन द्वारा एमवाय अस्पताल में भर्ती आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए 28वीं बार करीब 77 हजार रुपए मूल्य की दवाइयां सहायता सीनियर सिटीजन ग्रुप के माध्यम से भेंट की गई. संगठन के अध्यक्ष पं. सत्येन्द्र शर्मा एवं पं. नीलाभ सुगंधी ने बताया कि संस्था के संरक्षण समाजसेवी पं. अनुपम तिवारी, पं. राजेंद्र-ममता शर्मा, पं. सुनील शर्मा देवास, श्रीमती अनीता पाठक एवं अन्य पदाधिकारियों के अलावा हर्बलाइज नेचुरल्स के संचालक अर्जुन गोपाल मारवाल एवं आदित्य राजेंद्र शर्मा के सहयोग से आयुर्वेद औषधियां प्रदान की गई. प्रारंभ में संगठन के पदाधिकारियों ने संस्था सहायता के सेवक अशोक चौरड़िया का दुपट्टे से स्वागत किया. चौरड़िया ने संगठन द्वारा संचालित निशुल्क सेवा वाहन, चिकित्सा उपकरण केंद्र, डायलिसिस हेतु सहायता एवं सामूहिक विवाह जैसे सेवा कार्यों की खुले मन से सराहना की. इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, सरोज कौशिक, अशोक शर्मा, अनिल शर्मा, हरीश जोशी, ब्रजेश पंचोली एवं मातृशक्ति में संगीता शर्मा, ममता शर्मा, संतोष शर्मा, विजयलक्ष्मी कौशिक, अनीता पाठक एवं आरती मिश्रा सहित बड़ी संख्या में बहने भी उपस्थित रहीं. आभार माना पं. अनिल शर्मा ने.

## कथा में मनाया रुक्मणी विवाह उत्सव



**इंदौर**. भगवान सभी वर्ण एवं जाति के हैं। वह किसी एक जाति की बपौती नहीं है. किसी मनुष्य को खुश करने के बजाय प्रभु को खुश करना ज्यादा अच्छा है क्योंकि वही आपका जीवन पर्यंत उद्धार करने वाले हैं. यह विचार अवंतिका पीठाधीश्वर रामानुज कोट उज्जैन के स्वामी डॉक्टर माधवप्रपन्नाचार्य महाराज ने व्यक्त किए. वे माहेश्वरी संस्कृति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ के षष्ठम दिन व्यास पीठ से हजारों के श्रोता समूह को संबोधित कर रहे थे. आपने कहा कि एकादशी का व्रत जरूर करना चाहिए चाहे आप इसे श्रद्धा के साथ करें या धर्म के लिए करें। विज्ञान भी कहता है कि 15 दिन में पाचन तंत्र को विश्राम देना चाहिए। जीवन के साथ भी और जीवन के बाद भी एकादशी का व्रत आपको तारता है। आपके अनुरोध पर आज कथा पांडाल में एक भी दाना अन्न का नहीं आने दिया गया. आज कथा प्रसंग के दौरान भगवान कृष्ण की कई लीलाओं का वर्णन किया गया. साथ ही रुक्मणी विवाह उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया. कथा प्रसंग में शंकर लालवानी, मालिनी गौड़, पुष्यमित्र भार्गव उपस्थित हुए. आज के गोष्ठी यजमान शरद सरला साबू, कमलकिशोर चंदा अटल व आशीष माधुरी गुप्ता रहे. व्यास पीठ की पूजा एवं आरती राजेंद्र विभा माहेश्वरी, मुरलीधर किरण मोदी, मुकेश विनीता सारडा, मुरलीधर पुष्पा मोदी, सुभाष गीता असावा, मनीष कल्पना जाखेटिया ने की. माहेश्वरी संस्कृति के मुनीश मालानी एवं राम मूंदड़ा ने बताया कि सोमवार को कथा कि पूर्णाहुति होगी. साथ ही माहेश्वरी संस्कृति द्वारा स्वामी माधवप्रपन्नाचार्य जी का अभिनंदन भी किया जाएगा.

## जिले में आज महावीर जयंती पर अवकाश रहेगा

**इंदौर**. इंदौर जिले में महावीर जयंती के अवसर पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने 30 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है. जिले में 31 मार्च को सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थाएं पूर्ववत खुले रहेंगे.

## 'समर्पण के प्रतीक-महावीर' का आयोजन 1 अप्रैल को

**इंदौर**. भारतीय सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना, अहिंसा, करुणा और समर्पण जैसे शाश्वत मूल्यों को समाज में सशक्त रूप से स्थापित करने के उद्देश्य से शहर में एक भव्य आध्यात्मिक आयोजन हो रहा है. 'समर्पण के प्रतीक-महावीर' शीर्षक यह विशेष कार्यक्रम महावीर एवं हनुमान जयंती के पावन अवसर पर होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन बुधवार 1 अप्रैल को शाम 4 बजे रवीन्द्र नाट्यगृह में किया जाएगा. आयोजन से जुड़ी जानकारी देते हुए संस्था सार्थक के प्रमुख दीपक जैन (टीनू) ने बताया कि यह कार्यक्रम समाज में नैतिकता, सेवा और समर्पण के मूल्यों को पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है. इस आयोजन में देश के प्रतिष्ठित संतों और विशिष्टजनों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी. स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे, जो श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, अयोध्या के कोषाध्यक्ष भी हैं, वहीं विश्व शांति केंद्र के संस्थापक परम पूज्य आचार्य श्री लोकेश मुनि जी अपने आशीर्वचन से उपस्थित जनसमूह को卐समर्पण के प्रतीक महावीर卐 विषय पर आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संपर्क प्रमुख श्री प्रवीण गुप्त विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे. उन्होंने बताया कि इस अवसर पर अयोध्या से जुड़े दो प्रमुख व्यक्तित्वों को 'महावीर सम्मान' से अलंकृत किया जाएगा।

# शरीर साधना का अद्भुत खेल है बॉडी बिल्डिंग : डॉ. यादव

- इंदौर में राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन
- सीएम ने चैंपियनशिप के आयोजन के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की





**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में आयोजित दो दिवसीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप-2026 के विजेताओं को सम्मानित किया.**

उन्होंने बॉडी बिल्डिंग में सहभागिता करने वाले खिलाड़ियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि बॉडी बिल्डिंग शरीर की साधना का अद्भुत खेल है. यह साधना संगमरमर की मूर्तियों पर नसें उकेरने जैसा कठिन कार्य है. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इंडियन बॉडी बिल्डर फेडरेशन को 5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की. साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय खिलाड़ी और पद्मश्री से सम्मानित प्रेमचंद डिगरा का सम्मान भी किया. इंदौर में आज 17वीं सीनियर मेन्स-विमेंस नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में किया गया. प्रतियोगिता इंडियन बॉडी बिल्डर फेडरेशन, मुंबई के तत्वावधान में राज्य शरीर सौष्ठव संस्था द्वारा आयोजित की गई, जिसमें देशभर से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में पंजाब के टोनू कुमार, केरल के रियाज टीके, कर्नाटक के प्रशांत कानूकर, उत्तराखंड के पंकज सिंह बिष्ट और तेलंगाना के हरीश वालूगुंडा सहित पांच खिलाड़ियों ने बॉडी बिल्डिंग की सात अनिवार्य मुद्राओं उत्साहवर्द्धन किया. इस मौके पर फेडरेशन की ओर से सीएम डॉ. मोहन यादव को स्मृति चिन्ह, अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया. इसके बाद मुख्यमंत्री ने भी फेडरेशन के पदाधिकारियों के साथ अन्य विशिष्ठजनों का सम्मान किया गया. इस मौके पर पद्मश्री प्रेमचंद ढींगरा और मधुकर तकवाकर समेत फेडरेशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### युवाओं को सकारात्मकता से जोड़ने का माध्यम

इस मौके पर चैंपियनशिप को कंडक्ट कर रहे डॉक्टर निशांत खरे ने बताया कि 27 प्रदेशों से करीब 423 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया है. करीब 70 से 80 प्रतिभागी ऐसे भी है इंटरनेशनल लेवल पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके है. युवाओं को बुराइयों से दूर ले जाकर सकारात्मकता से जोड़ने के लिए खेल एक सशक्त माध्यम है. इनामी राशी की बात करते हुए उन्होंने कहा मुख्यमंत्री ने पांच लाख रूपए की घोषणा की गई साथ ही करीब साठ लाख रूपए की इनामी राशी भी इस आयोजन पर खर्च की जा रही है.



## मुख्यमंत्री ने मानव सेवा वाहन का किया शुभारंभ

**इंदौर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प अनुरूप जिला प्रशासन इंदौर द्वारा एक मानवीय पहल के तहत मानव सेवा वाहन (एम्बुलेंस) का शुभारंभ किया गया. यह वाहन समाज के जरूरतमंद, लावारिस एवं असहाय व्यक्तियों की सेवा हेतु समर्पित रहेगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज एयरपोर्ट पर इस वाहन का लोकार्पण किया.

इस अवसर पर बताया गया कि उक्त एम्बुलेंस वाहन अग्रणी संस्था महाकाल मानव सेवा समिति इंदौर को सौंपा गया है, जिसके माध्यम से विभिन्न सामाजिक और मानवीय सेवाएं नि:शुल्क प्रदान की जाएंगी. इनमें मुख्य रूप से लावारिस शवों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार, सड़कों व गलियों में मिले लावारिस शवों का रेस्क्यू, ट्रेन/ट्रैक दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों का रेस्क्यू, लावारिस मानसिक रोगियों का उपचार एवं सहायता, बेसहारा एवं बीमार बुजुर्गों की मदद, दुर्घटनाओं में गंभीर घायलों को नि:शुल्क अस्पताल पहुंचाना आदि मानवीय सेवाएं शामिल है. इस पहल का मुख्य उद्देश्य हर लावारिस एवं जरूरतमंद व्यक्ति को सम्मानजनक सहायता और जीवन का सहारा प्रदान करना है. इस सेवा हेतु मोबाईल नंबर- 9039759700 तथा 9826022033 पर संपर्क किया जा सकता है. जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों की जानकारी मिलने पर तत्काल संपर्क कर मानवता की इस सेवा में सहभागी बनें।

## शहर के सम्पन्न जैन परिवार की एक और बेटी चली संयम की राह पर

**इंदौर.** शहर की एक और, सम्पन्न जैन परिवार की उच्च शिक्षित, कम्पनी सेक्रेटरी एवं म्यूच्यूअल फंड मैनेजर का काम करने वाली बेटी विनुषी भंडारी जल्द ही संयम के पथ पर अग्रसर होने जा रही है.



विनुषी जावरा कम्पाउंड निवासी व्यवसायी वीरेन्द्र-शीतल भंडारी की बेटी और सृजन-राधिका भंडारी की 30 वर्षीय बहन हैं. उन्होंने पिछले 8 वर्षों में अनेक जैन ग्रंथों का अध्ययन भी किया है. उनकी दीक्षा आगामी 23 अप्रैल बैसाख सुदी सप्तमी को होगी. उसके पूर्व 3-4 अप्रैल को उनका अभिनन्दन होगा.

श्री साधुमार्गी जैन समता संघ इंदौर के तत्वावधान में आगामी शुक्रवार 3 अप्रैल को सुबह 9 बजे आदित्य मुनि आदिठाना एवं साध्वी श्रीकांता श्रीजी आदिठाना की निश्रा में यशवंत निवास रोड स्थित समता भवन पर प्रवचन 9 बजे से तत्पश्चात मुमुक्षु विनुषी भंडारी की दीक्षा के उपलक्ष्य में समता प्रसादी एवं शाम 7.30 बजे रवीन्द्र नाट्यगृह में गुरु भक्ति एवं भजन संध्या के आयोजन होंगे. साधुमार्गी जैन समता संघ के अध्यक्ष पारस बोहरा एवं महामंत्री पिंकेश पगारिया ने बताया कि शनिवार 4 अप्रैल को सुबह 7.15 बजे जावरा कम्पाउंड स्थित लायंस क्लब के सभागृह में नवकारसी के पश्चात प्रात: 8.15 बजे उनके 142 जावरा कम्पाउंड स्थित निवास से बैंड बाजों सहित वरघोडा निकलेगा जिसमें वे चांदी के रथ में विराजित होकर अपने संसारी जीवन में काम आने वाली गृहस्थी की सामग्री को लुटाते हुए चलेंगी. अध्यक्ष बोहरा एवं महामंत्री पगारिया ने बताया कि दीक्षा लेने जा रही मुमुक्षु विनुषी भंडारी का परिवार शहर के सम्पन्न परिवारों में माना जाता है। उनके परिवार से पहले ही चार सदस्य दीक्षा ले चुके हैं.

## वैदिक मंत्रोच्चार और ध्वज पूजन के साथ हनुमत महोत्सव का शंखनाद

- सिद्ध पीठ वीर बगीची में हो रहा आयोजन
- 71 द्रव्यों से आज होगा अलीजा सरकार का महाअभिषेक




**इंदौर.** कैलाश मार्ग स्थित प्राचीन और सिद्ध स्थान वीर बगीची में हनुमान जयंती महोत्सव का शुभारंभ रविवार को बेहद आध्यात्मिक माहौल में हुआ. पंचकुइयां-कैलाश मार्ग स्थित इस मंदिर में गादीपति पवनानन्द महाराज के सानिध्य में पांच दिवसीय अनुष्ठान की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वज पूजन से की गई। महोत्सव के पहले ही दिन मंदिर परिसर भक्ति और उल्लास के अनूठे रंग में रंगा नजर आया, जहां सैकड़ों भक्तों ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया.

महोत्सव के दूसरे दिन यानी सोमवार को अलीजा सरकार का विशेष महाअभिषेक किया जाएगा. मंदिर प्रबंधन के अनुसार, बाबा को 71 प्रकार के अलग-अलग दिव्य द्रव्यों से स्नान कराया जाएगा। इस अभिषेक के पश्चात वीर अलीजा सरकार का अलौकिक श्रृंगार होगा, जिसके दर्शन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं. रविवार सुबह महोत्सव के शुभारंभ अवसर की जानकारी देते हुएगादीपति पवनानन्द महाराज ने बताया कि ध्वज पूजन के दौरान बाबा को तेल-सिंदूर का चोला चढ़ाकर विशेष श्रृंगार किया गया था, जिसे देखने के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुरक्षा और सुविधा की दृष्टि से मंदिर प्रशासन ने अलग-अलग खंडों में दर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित की है.

### 31 को दीपदान, 1 अप्रैल को निकलेगी प्रभातफेरी

दीपदान 31 मार्च को बाबा के दरबार में भव्य दीपदान महोत्सव होगा, जिसमें श्रद्धालु अपने घरों से दीपक लेकर पहुँचेंगे और पूरा परिसर रोशनी से सराबोर होगा. महोत्सव का मुख्य आकर्षण 1 अप्रैल को सुबह 5 बजे निकलने वाली प्रभात फेरी होगी। उड़ीसा और इंदौर के कारीगरों द्वारा विशेष रूप से तैयार किए जा रहे रथ पर बाबा के दिव्य चांदी के विग्रह को विराजित किया जाएगा। यह यात्रा कैलाश मार्ग से शुरू होकर बड़ा गणपति, खजूरी बाजार, राजवाड़ा होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुँचेगी. 2 अप्रैल) को हनुमान जयंती के पावन अवसर पर बाबा का स्वर्ण श्रृंगार किया जाएगा। महाआरती और महाप्रसाद वितरण के साथ इस पांच दिवसीय महोत्सव का समापन होगा.

## मंच से बताई अपने भावी जीवन साथी से अपेक्षाएं



- अग्रवाल महासभा की मेजबानी में गांधी हॉल में परिचय सम्मेलन
- महिला अतिथियों ने किया शुभारम्भ, आज बांटेंगे सकोरे

**इंदौर.** श्री अग्रवाल महासभा की मेजबानी में वरिष्ठ समाजसेवी स्व. मिश्रीलाल गोयल की स्मृति में गांधी हाल परिसर में चल रहे अ.भा. नि:शुल्क अग्रवाल परिचय सम्मेलन के दूसरे दिन मंच पर निजी विमान कम्पनी में पायलेट के पद पर कार्यरत युवती प्रत्याशी ने पहुंचकर बेबाकी से अपना परिचय दिया.

रविवार को सम्मेलन स्थल का नजारा कुछ अलग ही था। पांडाल से लेकर मंच तक चारों ओर पैर रखने की जगह भी नहीं मिल पा रही थी. गांधी हॉल परिसर देशभर से आए मेहमानों से खचाखच भरा रहा. शाम ढलते-ढलते 460 प्रत्याशियों ने मंच पर पहुंचकर अपने भावी जीवनसाथी से अपनी अपेक्षाएं भी बताई। अनेक प्रत्याशियों ने बिना दहेज़ के विवाह करने का संकल्प भी व्यक्त किया. रविवार को सुबह नर्मदापुरम से आई समाजसेवी गायत्री अग्रवाल, इटारसी की पार्षद मनीषा अग्रवाल और कन्नोद की इंदु गोयल के आतिथ्य में सम्मेलन के दूसरे दिन की कार्रवाई का शुभारंभ हुआ. इस अवसर पर खातेगांव के सुनील अग्रवाल, हरदा के आशीष अग्रवाल, पचोर के कमलेश गोयल और राजेश जैन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे. अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंघल भी शुभारंभ समारोह में विशेष रूप से उपस्थित थे जिन्होंने अपने संबोधन में शादी की बढती उम्र और छोटे होते परिवारों पर चिंता व्यक्त की. सांयकालीन सत्र में विधायक गोलू शुक्ला ने भी परिचय सम्मेलन के मंच पर पहुंचकर बाहर से आए प्रत्याशियों का अभिनन्दन किया.

### आज होगा समापन

मेहमानों, पालकों और प्रत्याशियों की आवभगत का जिम्मा संस्था के समन्वयक संतोष गोयल, अध्यक्ष डॉ. सतीश गोयल, अजय बंसल, मनीष जैन, नवीन गोयल, एल.बी. अग्रवाल तथा मातृशक्ति की ओर से उर्मिला गोयल, पुष्पा गुप्ता, पिंकी अग्रवाल, ममता शर्मा, शिवानी मेहता आदि ने संभाला और सभी मेहमानों की अगवानी की. आज भी 50 प्रत्याशियों ने स्पॉट पंजीयन कराया. रविवार को अहमदाबाद, बड़ौदा, झालोद, दाहोद, औरंगाबाद, जलगांव, सेंधवा, बड़वानी, कुक्षी, रतलाम, धार, राजगढ़ एवं आसपास के जिलों के प्रत्याशियों ने मंच पर आकर अपने परिचय दिए और भावी जीवन साथी को लेकर अपनी प्राथमिकताएं बताईं. सम्मेलन का समापन सोमवार 30 मार्च को सांय 6 बजे होगा.



## रैंप पर क्रिएटिविटी और स्टाइल का दिखा संगम

- फैशन वीक- सीजन-4 का हुआ समापन

**इंदौर.** ग्लोबल इंदौर टाइम्स फैशन वीक-2026 सीजन-4 के तीसरे और आखिरी दिन शनिवार को रैंप पर क्रिएटिविटी और स्टाइल के अनोखे संगम का नजारा देखने को मिला. मोयरा सरिया प्रेजेंट शायशा शिंदे के कलेक्शन इस शाम की जान रहे, जिसे शो स्टॉपर अभिनेत्री निधि अग्रवाल और प्रोफेशनल मॉडल्स ने रैंप पर उतारा. शायशा शिंदे ने नए कलेक्शन 'त्रिकाल दृष्टि' से रैंप पर भविष्य के फैशन को उतारा. उनके कलेक्शन में स्टाइल ही नहीं, शक्ति और आत्मविश्वास की झलक नजर आइ. मशहूर अभिनेत्री निधि अग्रवाल के शो स्टॉपर के रूप में रैंप वॉक ने इसे और दमदार बना दिया. उनके साथ रैंप पर चले विमल तोड़ी, चेयरमैन और फाउंडर, मोयरा सरिया एवं एनआईएफ ग्लोबल, इंदौर की चेयरपर्सन साधना तोडी ने शाम को और खास बना दिया. एनआईएफ ग्लोबल, इंदौर की चेयरपर्सन साधना तोडी ने बताया कि यह तीन दिन इंदौर शहर के लिए न केवल फैशन के लिहाज से, बल्कि एनआईएफ ग्लोबल के स्टूडेंट्स के लिए भी सीखने के लिहाज से महत्वपूर्ण रहा.



## श्रद्धालुओं को मथुरा-वृंदावन यात्रा पर रवाना किया

**इंदौर.** सनातन आस्था, भक्ति और सामाजिक समरसता के भाव से ओत-प्रोत एक आयोजन के तहत लगभग एक हजार महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की मथुरा-वृंदावन यात्रा दिव्य शक्ति पीठ परिसर से उत्साह और श्रद्धा के वातावरण में रवाना हुई. यह यात्रा डॉ. निशांत खरे प्रदेश उपाध्यक्ष बीजेपी के संरक्षण में सनातन आस्था फाउंडेशन द्वारा आयोजित की गई हैं.

उल्लेखनीय है कि विगत 28 फरवरी को आयोजित 8 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सफल समापन के पश्चात हिंदू एकता और सनातन मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इस 4 दिवसीय तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया. कथा में शहर के संत-महात्माओं, जनप्रतिनिधियों और समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही थी. उसी आध्यात्मिक ऊर्जा को आगे बढ़ाते हुए यह यात्रा प्रारंभ की गई है. यात्रा को दिव्य शक्ति पीठ परिसर, रेडिसन चौराहे से डॉ. निशांत खरे, दिव्या गुप्ता एवं महामंडलेश्वर श्री रामगोपाल दास महाराज द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. प्रस्थान से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने देवी शक्तिपीठ मंदिर में सामूहिक महाआरती में भाग लेकर मंगलमय यात्रा की कामना की. यात्रा प्रभारी श्रीमती संगीता शर्मा ने बताया कि यह यात्रा का सातवां वर्ष है और प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में उत्साहजनक वृद्धि हो रही है.

### एक नजर में
### श्री सनाढ्य ब्राह्मण समाज के अभा परिचय सम्मेलन में 600 प्रत्याशियों ने दिया मंच से परिचय

## परिचय सम्मेलन जैसे आयोजन समाज को नई ऊर्जा देते हैं : पं. पचोरी



**इंदौर.** भारतीय संस्कृति और संस्कारों को आगे बढ़ाना है तो ब्राह्मणत्व को बढ़ावा देना होगा। हम यदि संगठित होकर काम करेंगे तो अपनी प्रतिभा के दम पर हमें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता. विवाह की उम्र धीरे-धीरे आगे खिसकती जा रही है। इस तरह के परिचय सम्मेलन और स्नेह मिलन के आयोजन समाज को नई ताकत और ऊर्जा-चेतना देते हैं. ऐसे सम्मेलन हर जिले, शहर और कस्बे में भी होना चाहिए. आज के युग में श्रेष्ठ जीवनसाथी की तलाश करना पालकों के लिए सबसे जटिल समस्या बन गया है.

यह बात पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचोरी ने कही. पं. पचोरी रविवार को राजीव गाँधी चौराहा स्थित शुभ कारज गार्डन पर आयोजित श्री सनाढ्य ब्राह्मण समाज के अ.भा. परिचय सम्मेलन एवं स्नेह मिलन समारोह का शुभारभ कर रहे थे. पूर्व विधायक पं. संजय शुक्ला, परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पं. विष्णु राजोरिया, मप्र सनाढ्य सभा के अध्यक्ष पं. रामबाबू शर्मा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सनाढ्य समाज के प्रतिनिधि भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे जिन्होंने पीताम्बर पीठ के पुजारी पंकजदास महाराज के सानिध्य में भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर परिचय सम्मेलन का शुभारभ किया. प्रारम्भ में तनिष्का शर्मा ने गणेश वन्दना प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत परिचय सम्मेलन के अध्यक्ष पं. पप्पू शर्मा, सनाढ्य ब्राहमण समाज के अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, महामंत्री संजय जारोलिया, भगवती शर्मा, अनिल शर्मा, दीपक शर्मा, संजय बिरथरे, किशोर शुक्ला, दीपक बिरथरे एवं मातृशक्ति की ओर से सुधा वशिष्ठ, मीता क्षोत्रिय, पूर्णिमा शर्मा, नीति दुबोलिया, ममता उपमन्यु आदि ने किया. सनाढ्य संसार परिचय पुस्तिका का लोकार्पण अतिथियों के साथ संयोजक शिवनारायण शर्मा, अवधकिशोर शर्मा, श्यामाचरण तिवारी, जगदीश तिवारी, नरेन्द्र तिवारी, कैलाशचंद्र बिरथरे आदि ने किया. सम्मेलन में शाम ढलते-ढलते करीब 15 रिश्तों पर दोनों पक्षों के बीच मंत्रणा का दौर शुरू हो गया था. इतने ही रिश्तों पर दोनों पक्षों की सहमति भी बन गई. सम्मेलन में उत्तरप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ एवं प्रदेश के अन्य जिलों के प्रत्याशी भी आए थे.

### सम्मेलन में आई थीं 1500 प्रविष्ठियां

सम्मेलन में करीब 1500 प्रविष्ठियां प्राप्त हुई थीं, इनमें से 600 ने मंच पर पहुंचकर बेबाकी से अपने परिचय दिए और भावी जीवनसाथी के बारे में अपनी जरूरतें बताई। अनेक प्रत्याशियों की ओर से उनके माता, पिता, भाई और अन्य रिश्तेदारों ने भी मंच पर आकर अपनी बात रखी. मंच का संचालन वर्षा पाराशर ने किया. आभार माना सभा के अध्यक्ष पं. देवेन्द्र शर्मा और महामंत्री संजय जारोलिया ने.